# अध्याय-12

# अर्थ-विचार

## पर्यायवाची शब्द

पर्याय का सामान्य अर्थ होता है 'समान'।

इस प्रकार पर्यायवाची शब्द का सामान्य-सा अर्थ होता है, समान अर्थ वाला शब्द।

**परिभाषा**–जिन शब्दों का अर्थ समान होता है, उन्हें पर्यायवाची शब्द कहते हैं।

कुछ महत्वपूर्ण पर्यायवाची शब्दों की सूची–

**अमृत**–सुधा, पीयूष, सोम, मधु, अमिय।

**अग्नि**–आग, अनल, पावक, ज्वाला, कृशानु।

**असुर**–दैत्य, दानव, दनुज, राक्षस, रजनीचर।

**अरण्य**–वन, कानन, जंगल, विपिन, अटवी, दावा।

**अतिथि**–अभ्यागत, आगन्तुक, मेहमान, पाहुना।

**अन्धकार**–तम, तिमिर, तमस, अंधेरा।

**अश्व**–घोटक, घोड़ा, बाजि, सैन्धव, हय, तुरंग।

**आँख**–नयन, नेत्र, दृग, लोचन, चक्षु, अक्षि।

**आकाश**–नभ, व्योम, गगन, अम्बर, अनन्त, अन्तरिक्ष, आसमान, शून्य।

**इन्द्र**–देवराज, देवेन्द्र, सुरेश, सुरपति, सुरेन्द्र, वासव।

**इच्छा**–आकांक्षा, अभिलाषा, कामना, ईहा, लालसा।

**ईश्वर**–प्रभु, भगवान, परमेश्वर, ईश, जगदीश।

**उत्सव**–समारोह, पर्व, जश्न, जलसा, त्योहार।

**उद्यान**–बाग, बगीचा, उपवन, वाटिका।

**कमल**–सरोज, उत्पल, कंज, पंकज, नीरज, अरविन्द, अम्बुज।

**कामदेव**–मदन, मनोज, अनंग, रतिपति, पंचशर।

**किरण**–अंशु, मयूख, कर, मरीचि, रश्मि।

**किनारा**–तट, तीर, कूल, पर्यंत।

**कपड़ा**–अंबर, चीर, वसन, वस्त्र, पट।

**खल**–धूर्त, दुष्ट, दुर्जन, नीच, कुटिल, अधम।

**खुशबू**–सुरभि, सौरभ, सुगन्ध, सुवास।

**गंगा**–सुरसरि, देवनदी, त्रिपथगा, जाह्नवी, भगीरथी, देवापगा, मन्दाकिनी, मोक्षदायिनी।

**गणेश**–एकदन्त, गजानन, गजवदन, लम्बोदर, विनायक।

**गाय**–गऊ, गौ, गैया, सुरत्री, यथास्विनी, धेनु।

**गृह**–मकान, आलय, भवन, आवास, सदन, धाम, आयन।

**चन्द्रमा**–राशि, चन्द्र, राकेश, शशांक, मयंक, चाँद, सुधांशु।

**जल**–नीर, पानी, अम्बु, सलिल, पय, उदक, तोय।

**जहर**–गरल, विष, हलाहल।

**तलवार**–असि, खड्ग, कृपाण, चन्द्रहास।

**तालाब**–सर, सरोवर, तड़ाग, पुष्कर, जलाशय, ताल।

**दिन**–दिवस, वार, वासर।

**देवता**–सुर, देव, अमर, निर्जर।

**नदी**–सरिता, तटिनी, आपगा, तरंगिनी, निम्नगा, निर्झरिणी।

**नाव**–नौका, जलयान, तरणी, पोत।

**पवन**–अनिल, वात, वायु, समीर, हवा, बयार।

**पर्वत**–नग, गिरि, महीधर, शैल, अचल, पहाड़।

**पत्थर**–पाहन, प्रस्तर, पाषाण, शिला।

**पुष्प**–फूल, सुमन, प्रसून, कुसुम।

**पुत्र**–तनय, तनुज, बेटा, सुत, नंदन, लाल।

**पुत्री**–तनया, तनुजा, बेटी, सुता।

**मधुप**–भौंरा, भ्रमर, अलि, मधुकर।

**मछली**–मीन, मत्स्य, मकर, शफरी।

**माता**–माँ, जननी, प्रसूता, धात्री।

**मित्र**–सखा, साथी, सहचर, मीत।

**मेघ**–जलद, घन, नीरद, वारिद, बादल, पयोधर, पयोद।

**रावण**–दशानन, लंकेश, लंकापति, दशकंध।

**राजा**–नृप, भूप, महीप, नरेश, नृपति।

**रात**–रात्रि, रजनी, रैन, यामा, निशा, वामा, यामिनी।

**वानर**–बन्दर, कपि, मर्कट, शाखामृग, हरि।

**शत्रु**–रिपु, बैरी, दुश्मन, विपक्षी।

**शरीर**–देह, तन, काया।

**सरस्वती**–वाणी, वागीश्वरी, वीणाधारिणी, शारदा, वीणावादिनी।

**स्वर्ण**–कनक, कुन्दन, हेम, सुवर्ण, कंचन, सोना, हिरण्य।
**सागर**–जलधि, उदधि, पयोधि, समुद्र, नदीश, सिन्धु।
**सिंह**–मृगराज, केसरी, वनराज, शेर, हरि।
**सूर्य**–रवि, भानु, दिनकर, सविता, दिवाकर।
**हनुमान**–कपीश, अंजनिपुत्र, पवनसुत, महावीर, मारुत, बजरंगबली।
**हस्त**–हाथ, कर, बाहु, भुजा, पाणि।
**हाथी**–गज, कुंजर, हस्ती, मतंग, गयन्द।
**हिमालय**–पर्वतराज, नगराज, हिमगिरि।

## विलोम शब्द

विलोम का साधारण अर्थ होता है–'उलटा'।

परिभाषा–जिस शब्द के द्वारा हमें उसके 'विपरीत' अर्थ का पता चलता है, उसे विलोम शब्द कहते हैं। जैसे–उलटा–सीधा, सुख–दुःख।

## विलोम शब्दों की सूची

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| अमृत | विष | अज्ञ | विज्ञ |
| अर्थ | अनर्थ | आदि | अन्त |
| अग्रज | अनुज | आस्तिक | नास्तिक |
| अंत | आदि | आरोह | अवरोह |
| अंश | पूर्ण | आकाश | पाताल |
| अवतल | उत्तल | आशा | निराशा |
| अल्प | अति | आशीर्वाद | अभिशाप |
| अनेक | एक | आरम्भ | अंत |
| अंधकार | प्रकाश | आवश्यक | अनावश्यक |
| अपमान | सम्मान | आदान | प्रदान |
| अस्त | उदय | आयात | निर्यात |
| अपेक्षा | उपेक्षा | आदर | अनादर |
| अनुलोम | विलोम/प्रतिलोम | आश्रित | अनाश्रित |
| अतिवृष्टि | अनावृष्टि | इष्ट | अनिष्ट |
| अनुकूल | प्रतिकूल | इहलोक | परलोक |
| अपराधी | निरपराध | इच्छा | अनिच्छा |
| अवनि | अम्बर | इष्ट | अनिष्ट |
| ईमानदार | बेईमान | कड़वा | मीठा |

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| उत्तम | अधम | कदाचार | सदाचार |
| उदार | अनुदार | क्रय | विक्रय |
| उपचार | अपचार | कपूत | सपूत |
| उपयुक्त | अनुपयुक्त | कोमल | कठोर |
| उचित | अनुचित | खुशबू | बदबू |
| उपकार | अपकार | खण्डन | मण्डन |
| उत्तीर्ण | अनुत्तीर्ण | गहरा | उथला |
| उन्नति | अवनति | ग्रीष्म | शीत |
| उदयाचल | अस्ताचल | गुण | दोष |
| उच्च | निम्न | गुरु | लघु |
| उद्घाटन | समापन | गोचर | अगोचर |
| उत्पत्ति | विनाश | गौण | प्रमुख |
| उत्तरायण | दक्षिणायन | गौरव | लाघव |
| उपसर्ग | प्रत्यय | घृणा | प्रेम |
| उन्मुख | विमुख | चल | अचल |
| उपजाऊ | अनुपजाऊ | चेतन | अचेतन/जड़ |
| एकता | अनेकता | जन्म | मृत्यु |
| एक | अनेक | जय | पराजय |
| एकाग्र | चंचल | जटिल | सरल |
| ऐतिहासिक | अनैतिहासिक | जीवन | मरण |
| एकार्थक | अनेकार्थक | ज्येष्ठ | कनिष्ठ/लघु |
| औचित्य | अनौचित्य | तरल | ठोस |
| औपचारिक | अनौपचारिक | तरुण | वृद्ध |
| तिमिर | प्रकाश | दण्ड | पुरस्कार |
| बन्धन | मुक्ति | दिन | रात |
| बंजर | उर्वर | दुराचार | सदाचार |
| बहिरंग | अन्तरंग | दुर्लभ | सुलभ |
| भला | बुरा | दूर | पास |
| | | देव | दानव |

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| भद्र | अभद्र | नवीन | प्राचीन |
| मान | अपमान | न्यूनतम | अधिकतम |
| महँगा | सस्ता | निर्माण | विनाश |
| मानवीय | अमानवीय | निरक्षर | साक्षर |
| मानव | दानव | निरर्थक | सार्थक |
| मित्र | शत्रु | निराकार | साकार |
| मुख्य | गौण | नैतिक | अनैतिक |
| मेहमान | मेजबान | पतन | उत्थान |
| मोटा | पतला | पठित | अपठित |
| मौखिक | लिखित | प्रत्यक्ष | परोक्ष |
| मंगल | अमंगल | प्रकाश | अंधकार |
| यश | अपयश | परतंत्र | स्वतंत्र |
| युद्ध | शान्ति | प्रश्न | उत्तर |
| योग्य | अयोग्य | प्रशंसा | निंदा |
| रक्षक | भक्षक | | |
| राग | द्वेष | पवित्र | अपवित्र |
| राजा | रंग | फल | निष्फल |
| राक्षस | देवता | फूल | काँटा |
| रोगी | निरोग | लाभ | हानि |
| सजीव | निर्जीव | लोक | परलोक |
| सम्मान | अपमान | वर | वधू |
| सादर | निरादर | वरदान | अभिशाप |
| संधि | विग्रह | व्यभिचारी | सदाचारी |
| स्वदेश | परदेश | | |
| हिंसा | अहिंसा | विद्वान | मूर्ख |
| हर्ष | विषाद | शयन | जागरण |
| हित | अहित | शत्रुता | मित्रता |
| क्षणिक | शाश्वत | शुभ | अशुभ |
| ज्ञात | अज्ञात | | |

# वाक्यांश के लिए एक शब्द

अनेक शब्दों या वाक्यांशों के स्थान पर कभी-कभी एक शब्द का प्रयोग किया जाता है। इससे भाषा में सौन्दर्य आ जाता है और भाषा प्रभावशाली बनती है। जैसे-जिसे आर पार देखा जा सके-पारदर्शी कहने से भाषा का सौन्दर्य बढ़ जाता है। वाक्य रूपान्तरण में भी इस प्रकार के शब्द उपयोगी होते हैं। ऐसे ही कुछ अनेक शब्दों के लिए एक शब्द यहाँ दिए गए हैं।

| क्र.सं. | वाक्यांश | एक शब्द |
|---|---|---|
| 1. | सत्य बोलने वाला | सत्यवादी |
| 2. | जो सहनशील हो | सहिष्णु |
| 3. | बिना सोच विचार किया हुआ विश्वास | अंधविश्वास |
| 4. | धर्म में निष्ठा रखने वाला | धर्मनिष्ठ |
| 5. | जो तृप्त न हो | अतृप्त |
| 6. | दो भाषा जानने-बोलने वाला | दुभाषिया |
| 7. | जिसको अनुभव हो | अनुभवी |
| 8. | जो कम खाता हो | अल्पाहारी |
| 9. | जिसके आने की तिथि निश्चित न हो | अतिथि |
| 10. | जिसे क्षमा न किया जा सके | अक्षम्य |
| 11. | जिसका मूल्य न आँका जा सके | अमूल्य |
| 12. | जो कानून के अनुसार न हो | अवैध |
| 13. | जो बिना वेतन काम करे | अवैतनिक |
| 14. | जो कहा न जा सके | अकथनीय |
| 15. | जिसको गिना न जा सके | अगण्य |
| 16. | जो इस लोक का न हो | अलौकिक |
| 17. | जो बच्चों को पढ़ाए | अध्यापक |
| 18. | जो अत्याचार करता हो | अत्याचारी |
| 19. | जिसकी सीमा न हो | असीम |
| 20. | जिसका कोई सहायक न हो | असहाय |
| 21. | जिसकी कोई उपमा न हो | अनुपम |
| 22. | जो छोड़ा न जा सके | अनिवार्य |
| 23. | जो संभव न हो | असंभव |
| 24. | जहाँ पहुँचा न जा सके | अगम्य |
| 25. | जिसका नाम न हो | अनाम |
| 26. | जो अहिंसा में विश्वास रखे | अहिंसावादी |

| | | |
|---|---|---|
| 27. | जिसका वर्णन न किया जा सके | अवर्णनीय |
| 28. | जो परिचित न हो | अपरिचित |
| 29. | मन में होने वाला ज्ञान | अन्तर्ज्ञान |
| 30. | आशा करने वाला | आशावादी |
| 31. | आलोचना करने वाला | आलोचक |
| 32. | जो अपनी ओर आकर्षित करे | आकर्षक |
| 33. | जो अपनी जीवनी लिखे | आत्मकथाकार |
| 34. | आज्ञा मानने वाला | आज्ञाकारी |
| 35. | नई खोज करना | आविष्कार |
| 36. | जो नए जमाने का हो | आधुनिक |
| 37. | दूसरे देश से मँगाना | आयात |
| 38. | ईश्वर में विश्वास रखने वाला | आस्तिक |
| 40. | दूसरों का आभार मानने वाला | आभारी |
| 41. | छोटा भाई | अनुज |
| 42. | बड़ा भाई | अग्रज |
| 43. | आकाश में दिखाई देने वाला सात रंगों का धनुष | इन्द्रधनुष |
| 44. | दूसरों से ईर्ष्या करने वाला | ईर्ष्यालु |
| 45. | जिसका हृदय विशाल हो | उदार |
| 46. | जो ऊपर कहा गया हो | उपर्युक्त |
| 47. | जो बाद में अधिकारी बने | उत्तराधिकारी |
| 48. | जहाँ दवाई मिलती है/या इलाज होता है | औषधालय |
| 49. | कलाकारों द्वारा बनाई गई वस्तु | कलाकृति |
| 50. | जो अपने काम में होशियार हो | कार्यकुशल |
| 51. | जो कार्य कष्ट सहन कर किया जाय | कष्टसाध्य |
| 52. | मिट्टी के बर्तन बनाने वाला | कुम्हार |
| 53. | गलत मार्ग पर चलने वाला | कुमार्गी |
| 54. | ऊँचे कुल में जन्म लेने वाला | कुलीन |
| 55. | तेज बुद्धि वाला | कुशाग्रबुद्धि |
| 56. | किए गए उपकार को मानने वाला | कृतज्ञ |
| 57. | दूसरों के उपकार को न मानने वाला | कृतघ्न |
| 58. | बुरे कामों के लिए प्रसिद्ध | कुख्यात |
| 59. | जो कड़वा बोलता हो | कटुभाषी |

| | | |
|---|---|---|
| 60. | जहाँ कलपुर्जे बनाए जाते हैं | कारखाना |
| 62. | जो अन्दर से खाली हो | खोखला |
| 63. | जिसके हाथ में चक्र हो | चक्रपाणि |
| 64. | जो किसी को न सुहाता हो | खटकना |
| 65. | सामान खरीदने वाला | ग्राहक |
| 66. | गणित के बारे में जानने वाला | गणितज्ञ |
| 67. | जो गणना योग्य हो | गण्य/गणनीय |
| 68. | आकाश को छूने वाला | गगनचुम्बी |
| 69. | जो गुप्त बातों का पता लगाए | गुप्तचर |
| 70. | छिपाने योग्य बातें | गोपनीय |
| 71. | गायों को पालने वााला | गोपाल |
| 72. | गायों को चराने वाला | ग्वाला |
| 73. | गाँवों में रहने वाला | ग्रामीण |
| 74. | नगर में रहने वाला | नागरिक |
| 75. | बीमार का इलाज करने वाला | चिकित्सक |
| 76. | जो चित्र बनाता हो | चित्रकार |
| 77. | चक्र के आकार में सेना की रचना करना | चक्रव्यूह |
| 78. | छात्रों के उपयोग में आने वाला सामान | छात्रोपयोगी |
| 79. | छात्रों को दिया जाने वाला अनुदान/राशि | छात्रवृत्ति |
| 80. | जल में रहने वाला जीव | जलचर |
| 81. | जिसने इन्द्रियों को वश में कर लिया हो | जितेन्द्रिय |
| 82. | जन्म से अंधा | जन्मांध |
| 83. | जिसमें जानने की इच्छा हो | जिज्ञासु |
| 84. | ज्योतिष विद्या का ज्ञान रखने वाला | ज्योतिषी |
| 85. | जिसे देखकर डर लगे | डरावना |
| 86. | तप करने वाला | तपस्वी |
| 87. | दूर की देखने-सोचने वाला | दूरदर्शी |
| 88. | जो देखने योग्य हो | दर्शनीय |
| 89. | जिस पुत्र को गोद लिया हो | दत्तक |
| 90. | जहाँ पहुँचना कठिन हो | दुर्गम |
| 91. | जो समझने में कठिन हो | दुर्बोध |
| 92. | जिसका आचार-विचार अच्छा न हो | दुराचारी |

| | | |
|---|---|---|
| 93. | कठिनाई से प्राप्त होने वाला | दुर्लभ |
| 94. | दूर की सोचने वाला | दूरदर्शी |
| 95. | जिसे करना कठिन हो | दुष्कर |
| 96. | धर्म को चलाने वाला | धर्मप्रवर्तक |
| 97. | माँस न खाने वाला | निरामिष |
| 98. | ईश्वर में विश्वास न रखने वाला | नास्तिक |
| 99. | जो अभी पैदा हुआ हो | नवजात |
| 100. | जिसके पास धन न हो | निर्धन |
| 101. | नष्ट होने वाला | नश्वर |
| 102. | रात में विचरण करने वाला | निशाचर |
| 103. | जिसमें ममता न हो | निर्मम |
| 104. | जो भयभीत न हो | निर्भीक |
| 105. | जिसका कोई आधार न हो | निराधार |
| 106. | निरीक्षण करने वाला | निरीक्षक |
| 107. | जिसका कोई आकार न हो | निराकार |
| 108. | नया आया हुआ व्यक्ति | नवागंतुक |
| 109. | जिसमें सन्देह न हो | नि:सन्देह |
| 110. | बहुत मेहनत करने वाला | मेहनती/परिश्रमी |
| 111. | जो आँखों के सामने हो | प्रत्यक्ष |
| 112. | जो आँखों के सामने न हो | परोक्ष |
| 113. | परदेश में रहने वाला | प्रवासी |
| 114. | दूसरों पर उपकार करने वाला | परोपकारी |
| 115. | जो पाश्चात्य संस्कृति से संबंध रखता है | पाश्चात्य |
| 116. | दूसरे लोक से संबंधित | पारलौकिक |
| 117. | पत्तों की बनाई कुटिया | पर्णकुटी |
| 118. | पन्द्रह दिनों का समय | पाक्षिक |
| 119. | रास्ता दिखाने वाला | पथ प्रदर्शक |
| 120. | जिस जानवर को पाला जाता हो | पालतू |
| 121. | पुराने जमाने का | प्राचीन |
| 122. | प्रशंसा करने योग्य | प्रशंसनीय |
| 123. | पुस्तक का घर | पुस्तकालय |
| 124. | किसी उक्ति को दोहराना | पुनरुक्ति |

| | | |
|---|---|---|
| 125. | दूसरों पर आश्रित रहने वाला | परावलम्बी |
| 126. | हाथ से लिखी पुस्तक | पांडुलिपि |
| 127. | जो बहुत कीमती हो | बहुमूल्य |
| 128. | बहुत बोलने वाला | वाचाल |
| 129. | नेत्रहीनों को पढ़ाने की लिपि | ब्रेललिपि |
| 130. | जो पहले का हो | भूतपूर्व |
| 131. | माँस खाने वाला | माँसाहारी |
| 132. | कर्म खर्च करने वाला | मितव्ययी |
| 133. | जहाँ रेत ही रेत हो | मरुभूमि |
| 134. | महीने में एक बार होने वाला | मासिक |
| 135. | मर्म को छूने वाला | मार्मिक |
| 136. | लकड़ी काटने वाला | लकड़हारा |
| 137. | जो लोगों का प्रिय हो | लोकप्रिय |
| 138. | वर्णों की माला/सूची | वर्णमाला |
| 139. | वर्ष में होने वाला | वार्षिक |
| 140. | जिसका विवाह हो गया हो | विवाहित |
| 141. | विष्णु का उपासक | वैष्णव |
| 142. | जिसका विश्वास किया जा सके | विश्वसनीय |
| 143. | हँसी मजाक करने वाला | विदूषक |
| 144. | जो कानून द्वारा मान्य हो | वैधानिक |
| 145. | शक्ति का उपासक | शाक्त |
| 146. | शिव का उपासक | शैव |
| 147. | जो सगा भाई हो | सहोदर |
| 148. | एक ही जाति के लोग | सजातीय |
| 149. | जो याद रखने योग्य हो | स्मरणीय |
| 150. | अच्छे चरित्र वाला | चरित्रवान |
| 151. | सप्ताह में होने वाला | साप्ताहिक |
| 152. | सत्य बोलने वाला | सत्यवादी |
| 153. | संगीत का ज्ञान रखने वाला | संगीतज्ञ |
| 154. | एक कक्षा में पढ़ने वाला | सहपाठी |
| 155. | सेवा करने वाला | सेवक |
| 156. | जो सरलता से प्राप्त हो | सुलभ |

| | | |
|---|---|---|
| 157. | सब कुछ जानने वाला | सर्वज्ञ |
| 158. | जो हर स्थान पर हो | सर्वव्यापक |
| 159. | जो सहन करने में समर्थ हो | सहनशील |
| 160. | जो स्वयं सेवा करता हो | स्वयंसेवक |
| 161. | अपने देश से सम्बन्धित | राष्ट्रीय |
| 162. | हिंसा करने वाला | हिंसक |
| 163. | अपने दस्तखत | हस्ताक्षर |
| 164. | हँसने-हँसाने वाला | हँसोड़ |

## समानार्थक/एकार्थक शब्द/श्रुतसम

हिन्दी भाषा के अन्तर्गत कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है, जिनको सामान्य रूप से देखने पर वे समान अर्थ वाले प्रतीत होते हैं किन्तु उनमें अर्थ के स्तर पर सूक्ष्म अन्तर होता है।

इन समानार्थक या एकार्थक प्रतीत होने वाले शब्दों में अर्थगत भिन्नता होती है, हिन्दी भाषा के कुछ समानार्थक शब्द अग्रलिखित हैं–

1. अधर्म–धर्म के विरुद्ध कार्य।
   अन्याय–न्याय के विरुद्ध कार्य।
2. अमूल्य–जिसका मोल ज्ञात करना संभव न हो।
   बहुमूल्य–अधिक मूल्य वाला।
3. अवस्था–आयु का एक भाग।
   आयु–सम्पूर्ण उम्र।
4. अस्त्र–फेंककर चलाया जाने वाला हथियार (बाण, तोप आदि)
   शस्त्र–हाथ में पकड़कर चलाया जाने वाला हाथियार, जैसे लाठी, तलवार, चाकू आदि।
5. आपत्ति–अचानक आया हुआ संकट, क्लेश, दोष।
   विपत्ति–प्राकृतिक आपदा, कष्ट, मुसीबत।
6. आधि–मानसिक कष्ट।
   व्याधि–शारीरिक रोग।
7. आविष्कार–नई खोज।
   अनुसन्धान–किसी रहस्य की खोज, तथ्यों का विश्लेषण कर सिद्धान्त प्रतिपादन।
   अन्वेषण–छानबीन, जाँच-पड़ताल।
8. दुःख–शारीरिक या मानसिक वेदना।
   कष्ट–शारीरिक पीड़ा।
9. पुरस्कार–योग्यता के कारण प्रदान किया जाता है।
   भेंट–आदर सहित सम्माननीय व्यक्ति को दी जाती है।

उपहार–छोटों को दिया जाता है।

10. सेवा–वृद्धजनों या बड़ों की सेवा करना।
शुश्रूषा–रोगियों की सेवा करना।

11. राजा–किसी देश का शासक।
सम्राट–राजाओं का राजा।

12. आज्ञा–बड़ों द्वारा छोटों को किसी कार्य के लिए कहना।
आदेश–सरकार या अधिकारी द्वारा दिया जाता है।

13. आचरण–व्यक्ति का चरित्र।
व्यवहार–दूसरों के साथ किया गया क्रिया-कलाप।

14. पूजनीय–जो पूजा करने योग्य है।
माननीय–जो मान/सम्मान देने के योग्य है।

15. श्रद्धा–गुणवान के प्रति आदरभाव।
भक्ति–भगवान के प्रति आदरभाव।

16. मृत्यु–सामान्य व्यक्ति का देहान्त।
निधन–महान व्यक्ति का देहान्त।

17. निन्दा–केवल दोषों का बखान करना।
आलोचना–गुण-दोषों का समान रूप से विश्लेषण करना।

18. भाषण–मौखिक व्याख्यान करना।
अभिभाषण–लिखित भाषण को पढ़ना।

19. योग्यता–कार्य करने का मानसिक सामर्थ्य।
क्षमता–कार्य करने का शारीरिक सामर्थ्य।

20. युद्ध–दो सेनाओं का संघर्ष।
लड़ाई–दो व्यक्तियों या समूहों का संघर्ष।

21. सात–संख्या (7)
साथ–संग

22. दिया–देना
दीया–दीपक

23. आदि–आरम्भ
आदी–व्यसनी/आदत

24. पवन–हवा
पावन–पवित्र

25. हँस–हँसना
हंस–एक पक्षी

26. ग्रह–नक्षत्र
गृह–घर

27. प्रसाद–कृपा
प्रासाद–महल

28. प्रमाण–सबूत
प्रणाम–नमस्कार

29. तरंग–लहर
तुरंग–घोड़ा

30. कपाट–दरवाजा
कपट–धोखा

31. नीर–पानी
नीड़–घोंसला

32. कूल–किनारा
कुल–वंश

33. चरम–अन्तिम
चर्म–चमड़ा

34. अनल–आग
अनिल–हवा

35. अन्न–अनाज
अन्य–दूसरा

36. प्रकार–तरह
प्राकार–चारदीवारी

37. लक्ष्य–उद्देश्य
लक्ष–लाख

38. निर्माण–बनाना
निर्वाण–मुक्ति

39. मूल–आधार/जड़
मूल्य–कीमत

40. वदन–मुख
बदन–शरीर

41. कृपण–कंजूस
कृपाण–तलवार

42. दिन–वार
दीन–गरीब

43. शोक–दुख
शौक–चाव

44. ज्वर–बुखार
ज्वार–तूफान

45. उधार–ऋण
उद्धार–मुक्ति

## अभ्यास प्रश्न

प्र. 1. 'चाँद' का पर्यायवाची शब्द नहीं है–
(अ) विधु (ब) सुधाकर
(स) भानु (द) चन्द्रमा [ ]

प्र. 2. 'अश्व' का पर्यायवाची शब्द है–
(अ) हस्ती (ब) मीन
(स) घोड़ा (द) सूत [ ]

प्र. 3. 'कृषक' का पर्यायवाची शब्द है–
(अ) किसान (ब) रंक
(स) संन्यासी (द) वीर [ ]

प्र. 4. 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द नहीं है–
(अ) अम्बर (ब) गगन
(स) आसमान (द) पावक [ ]

प्र. 5. 'आस्तिक' का विलोम शब्द है–
(अ) निराशा (ब) नास्तिक

(स) अमृत (द) विज्ञ [ ]

प्र. 6. 'आरम्भ' का विलोम शब्द होगा–

(अ) अंत (ब) प्रदान

(स) पाताल (द) अनिष्ट [ ]

प्र. 7. 'पतन' का विलोम शब्द है–

(अ) अयोग्य (ब) भक्षक

(स) यश (द) उत्थान [ ]

प्र. 8. 'मौखिक' का विलोम शब्द है–

(अ) सार्थक (ब) उत्तर

(स) लिखित (द) सुलभ [ ]

**उत्तर**–1. (स) 2. (स) 3. (अ) 4. (द) 5. (ब) 6. (अ) 7. (द) 8. (स)

प्र. 9. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–

1. इच्छा
2. अग्नि
3. अमृत
4. सरस्वती
5. स्वर्ण
6. हाथी

प्र.10. पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

प्र.11. रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य में पुनः लिखिए–

(1) यह कमरा बहुत गंदा है।

(2) यह वस्तु आयात की जाती है।

(3) राम योग्य छात्र है।

(4) किसी का हित करना ठीक नहीं है।

(5) कृपया धीरे चलो।

प्र.12. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखते हुए वाक्य बनाइए–

(1) अनुज (2) योग्य

(3) रोगी (4) घृणा

(5) एकता

**प्र.13. एक शब्द में उत्तर दो–**

1. जल में रहने वाला।

2. जिसमें ममता न हो।

3. जिसे क्षमा न किया जा सके।

4. जो इस लोक का न हो।

5. दूसरों से ईर्ष्या करने वाला।

6. जिसके हाथ में चक्र हो।

7. माँस न खाने वाला।

8. जो ईश्वर में विश्वास रखता हो।

**प्र.14. निम्न वाक्यों को पढ़कर एक शब्द में उत्तर दीजिए–**

राम दो भाषाएँ जानता है–

महेश सदा सत्य बोलता है–

हम नगर में रहते हैं–

सतीश हर बात जानना चाहता है–

इस हार की कीमत नहीं आँकी जा सकती–

भूखा व्यक्ति अभी भी तृप्त नहीं हुआ–